सार-समाचार

केबिन में चोरी का असफल प्रयास

डूंगरपुर, (निसं)। जिले भर में पिछले कुछ समय से अपराधिक गतिविधियों में लिप्त अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही के चलते आम जन को कुछ राहत मिली थी, लेकिन यह खुशी कुछ ही समय में काफूर हो गई और फिर से राहगिरों के साथ मारपीट, छिनाछपटी, चोरी तथा चैन स्नेचिंग की वारदात बढने लगी है। इसी के तहत एक केबिन तो पिछले कुछ सालों में 17 बार चोरों का शिकार बन चुका था। और उसमे केवल एक बार ही पुलिस को सफलता मिली थी, लेकिन बिती रात को पुलिस चौकी से महज 200 गज की दूरी पर मध्यरात्रि को फिर से उसी कैबीन को चोरों ने अपना निशाना बनाने की कोशिश की लेकिन कैबीन का ताला व उसकी बनावट मजबूत होने के कारण चोरों को सफलता नहीं मिल पाई। लेकिन उनकी यह गतिविधि सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई और मजे की बात तो यह रही कि सीसीटीवी कैमरे में कैद आरोपी युवक उसी कैबीन के सामने से मंगलवार प्रातः गुजर रहा था, जिसे कैबीन के मालिक शास्त्री कॉलोनी निवासी विपुल श्रीमाल व उसके दोस्तो ने पहचान लिया। और तत्काल उसे धरदबोचा। पीडित विपुल श्रीमाल ने तत्काल घटनाक्रम की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। जहां से डयूटी अधिकारी मौके पर पहुंचा और उसे उक्त युवक सुपुर्द कर दिया। साथ ही उक्त युवक से पूछताछ की तो उसने अपने साथियों के नाम बता दिये जिनमे से कुछ को पुलिस ने डिटेन भी कर लिये है, लेकिन उनका मुख्य सरगना अभी भी पकड से दूर है। इस संबंध में प्रार्थी विपुल श्रीमाल ने कोतवाली पुलिस में अपनी प्राथमिकी भी दर्ज करवा दी है। अब देखना है कि पुलिस धरे गये युवको से पूछताछ के बाद इस व अन्य मामलों में लिप्त आरोपियों की धरपकड कर सकेगी ताकि आये दिन भितरी एवं बाहरी शहर में हो रही वारदातों का खुलासा हो सके।

स्वादड़ी ने परचम लहराया

देवगढ़, (निसं)। 33 वी जिला स्तरीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता भीम में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय स्वादड़ी ने एक बार फिर से परचम लहराया है। समापन समारोह में मनचासीन अतिथि संयुक्त निदेशक शिक्षा उदयपुर, पी ए सयुक्त निदेशक मेनारिया, सी बी ई ओ अमर सिंह,बॉयज भीम ओर गर्ल्स भीम के प्रधानाचार्य विजेन्द्र सिंह, मोहन सिंह, भामाशाह मगनीराम मेवाड़ा, ओर मोहन सिंह थे।सीनियर वर्ग में 4 खिलाड़ियों ने (निशा, शांता, दुर्गेश, ओर निरमा) दिलाई चेम्पियन शिप।17 वर्ष की 8 एथलेटिक्स के खिलाड़ियों ने स्वादड़ी को दिलाई जूनियर वर्ग में भी चेम्पियन शिप। (कविता, चंदा, नैनी, नीलम, शारदा, लक्ष्मी, रेखा, विमला) स्वादड़ी स्कूल के वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक मनोज त्रिवेदी ओर टीम प्रभारी प्राध्यापक मालीराम यादव ने सयुक्त रूप से टीम के खिलाड़ियों को इस मुकाम तक पहुचाया जिसकी वजह से दोनों वर्गों में चेम्पियन शिप ओर ऑल ओवर चेम्पियन शिप मिली।19 वर्ष में 8 गोल्ड मेडल, 2 सिल्वर मेडल ओर 2 ब्रॉन्ज मेडल मिले।17 वर्ष में 8 गोल्ड मेडल, 2 सिल्वर मेडल, 1 ब्रॉन्ज मेडल जीता। कुल मिलाकर स्वादड़ी स्कूल को 23 मेडल प्राप्त किये है।इसी तरह आमेट में छात्र वर्ग की 19 वर्ष सीनियर वर्ग में भी मात्र 6 खिलाड़ियों ने जनरल चेम्पियन शिप स्वादड़ी के नाम की छात्र टीम में ऐथलीट प्रवीण सिह, उदय सिंह, वीरम सिंह, मनमोहन सिंह, प्रेम सिंह, दिलीप सिंह, ओर टीम प्रभारी इरफान मोहम्मद थे। टीम ने 8 स्वर्ण पदक, ओर 4 कांस्य पदक जीत कर स्वादड़ी का मान बढ़ाया। छात्र/ छात्रा को मिली जनरल चैम्पिन शिप से पूरी पंचायत में हर्ष का माहौल है, विद्यालय स्टॉफ की ओर से जगह जगह ग्रामीण बधाइयां दे रहे है, यह जानकारी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक मनोज त्रिवेदी ने दी।

खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

कपासन, (निसं)। 23 वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का विधायक अर्जुन लाल जीनगर ध्वजारोहण कर शुभारंभ किया । पंचायत समिति कपासन के गांव दोवनी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल प्रांगण में, प्राथमिक विद्यालय स्तर की जिला ैस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का विधायक अर्जुन लाल ने ध्वजारोहण कर शुभारंभ किया, । आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए विधायक अर्जुन लाल जीनगर ने कहा कि खेल बच्चों को अनुशासन सिखाता है, जिससे उनका लक्ष्य निर्धारित होता है, इसके पश्चात विधायक ने खिलाड़ियों को खेल को खेल की भावना से खेलने की शपथ दिलाई ! एक दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये ।;संस्था प्रधान मंजूर खान पठान ने बताया कि प्रतियोगिता में जिले के 11 ब्लॉक की 66 टीमों के 710 खिलाड़ी शिरकत कर रहे हैं,, प्रतियोगिता कबड्डी, खो -खो,जिमनास्टिक व एथलेटिक्स खेल खेले जाएंगे, इस दौरान शिक्षा विभागपूर्व अधिकारी डॉ रामसिह चुण्डावत, गोपाल शर्मा, भाजपा ठामीण मंडल अध्यक्ष शम्भू लाल जाट, पंचायत समिति सदस्य दिनेश पाराशर, शम्भू लाल भट्ट, राजकुमार जैन,पूर्व उपसरपंच सुरेश चंद्र शर्मा, मुख्य निर्णायक नाना लाल जाट, पर्यवेक्षक पारस टेलर, शारिरिक शिक्षक सतीश कुमार कोदली रतन लाल गाडरी, मांगी लाल गुर्जर सहित आदि उपस्थित थे।

सांवलिया जी सेठ के दर्शन किए

मंडफिया, (निसं)।श्री सांवलिया जी मंदिर मंडल मंडफिया के नवनियुक्त मुख्य निष्पादन अधिकारी नरेंद्र वर्मा ने भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दर्शन कर कार्यभार ग्रहण किया। मंदिर पुजारी ने एडीएम वर्मा को तुलसी एवं चरणामृत प्रदान किया। नवनियुक्त एडीएम नरेंद्र वर्मा का मंदिर मंडल की ओर से उपरना ओढ़ाकर भगवान का महाप्रसाद एवं तस्वीर भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। दर्शन पश्चात नवनियुक्त अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं मुख्य निष्पादन अधिकारी नरेंद्र वर्मा ने मंदिर मंडल का कार्यभार संभाला। इस मौके पर सांवलिया जी मंदिर प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, सुरक्षा प्रभारी भेरुगिरी गोस्वामी एवं मंदिर कर्मचारी उपस्थित थे।

तंबाकू निषेध की शपथ दिलाई

बांसवाड़ा, (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला न्यायाधीश कौशल सिंह ने जिला कारागृह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कारागृह की व्यवस्थाओं की जांच की गई जो संतोषजनक पाई गई। साथ ही बंदीगणों से उनकी समस्याओं के सम्बन्ध में भी जानकारी प्राप्त की गई। इस दौरान तंबाकू फ्री यूथ कैंपेन के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ जिला कारागृह में विधिक जागरूकता कार्यऋम का आयोजन किया गया। प्राधिकरण सचिव कौशल सिंह ने कारागृह में निरूद्ध बंदीगण को तंबाकू नहीं खाने की शपथ दिलाई।

'मां वाउचर योजना से कोई पात्र गर्भवती महिला वंचित नहीं रहे'

- आमजन को मिले गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं, हर योजना का प्रभावी क्रियान्वयन हो : कलक्टर असावा
- संसाधनों की खरीद करें, ताकि मरीजों की जांच के सैंपल बाहर न भेजने पडे : कलक्टर

राजसमंद, (निसं)। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने मंगलवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक लेते हुए जिले में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समस्त योजनाओं, गतिविधियों, विकास कार्यों, महत्वपूर्ण समस्याओं और भविष्य की योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने शत-प्रतिशत टीआईडी जनरेट करने, माँ वाउचर योजना से हर पात्र गर्भवती महिला को लाभान्वित करने, संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने, सोनोग्राफी में आ रही समस्याओं को दूर करने और अस्पतालों में समुचित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलक्टर ने कहा कि 25 नवंबर को सभी चिकित्सालयों में एक विशेष अभियान चलाएं जिसके तहत अस्पताल के साथ-साथ 5० मीटर के रेडियस में सफाई सुनिश्चित करें। बैठक में चिकित्सा अधिकारियों ने बताया कि कुछ जाँचें ऐसी है जिनके सैंपल उदयपुर आरएनटी मेडिकल कॉलेज भेजने पड रहे हैं, इस पर कलक्टर ने कहा कि आवश्यक जांच मशीनों की खरीद कर यह व्यवस्था करें कि सभी जाँचें यहीं हो जाए और सैंपल बाहर न भेजने पडें। उन्होंने दीपावली से पहले-पहले डायबटीज में होने वाली एचबीएवनसी की जांच जिले में ही शुरू करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बाकी अन्य एडवांस लेवल की जाँच भी जिले में शुरू करने के निर्देश दिए। इसके लिए आरएमआरएस में जांच उपकरणों के खरीद प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। कलक्टर ने कहा कि मरीजों को अनावश्यक निजी चिकित्सा संस्थानों या बाहरनहीं जाना पडे, इसके लिए हर संभव उपाय सुनिश्चित करें। इस दौरान प्रमुख चिकित्सा अधिकारी आरके जिला चिकित्सालय डॉ रमेश रजक, नाथद्वारा जिला चिकित्सालय डॉ कैलाश भारद्वाज, उपजिला चिकित्सालय भीम डॉ गिरधारी गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी एनएचएम आशीष दाधीच, जिला लेखा प्रबंधक नरेश जावरिया सहित सभी चिकित्सा चिकित्सा संस्थानों के चिकित्सा अधिकारी प्रभारी उपस्थित थे।

जिला कलक्टर असावा ने चिकित्सा अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी मरीजों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचना चाहिए और कोई भी व्यक्ति समुचित उपचार से वंचित नहीं रहना चाहिए। अस्पतालों में गुणवत्ता और सेवा की निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पडे। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत जिले के लगभग 85 फीसदी परिवार पात्रता रखते है इसलिए इसी अनुपात में चिकित्सा संस्थानो पर भर्ती होने वाले मरीजों को इस योजना का लाभ मिले इसके लिए व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा की जिला चिकित्सालयों तथा उप जिला चिकित्सालय के साथ ही जिन सीएचसी पर अधिक मरीज आते है वहां पर्ची के लिए अतिरिक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर अथवा दवा वितरण केंद्र की आवश्यकता है तो तुरंत कार्यवाही करें जिससे मरीजों एवं परिजनों को अनावश्यक लम्बी कतारों में नहीं खडा होना पडे।

उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए कहा की चिकित्सा संस्थानों में ओपीडी समय में चिकित्सा अधिकारी अपने कार्यस्थल पर रहे तथा रात्रि समय में ड्यूटी वाले चिकित्सकों के नाम संस्थान पर प्रदर्शित करवायें। साथ ही मां वाउचर योजना के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क सोनोग्राफी मिले इसके लिए आशा एवं एएनएम के माध्यम से नियमित ट्रैक कर उन्हें सोनोग्राफी के लिए प्रेरित करें। उन्होंने सभी चिकित्सा अधिकारियों को अपने क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं का अधिक से अधिक संस्थागत प्रसव राजकीय चिकित्सा संस्थानों में हो इसके लिए भी कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने चिकित्सा संस्थानों के लिए जिले में जारी नवाचार के तहत परफोरमेन्स इंडिकेटर में मां वाउचर एवं मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत चिकित्सा संस्थान द्वारा उपलब्धि को जोडने के लिए भी निर्देशित किया। बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना एवं मुख्यमंत्री निःशुल्क जांच योजना की ब्लॉकवार समीक्षा कर दिशा-निर्देश दिए।

सीईटी सीनियर सैकेण्डरी लेवल परीक्षा शुरू

डूंगरपुर, (निसं)। सीईटी सीनियर सैकेण्डरी लेवल परीक्षा से पहले एंट्री के लिए 3 स्टेप में जांच हुई। पहले आईडीए फिर पहनावा और फिर स्टूडेंट की एडमिशन कार्ड से आधार कार्ड की जांच के बाद एंट्री हुई।समान पात्रता परीक्षा मंगलवार से शुरू हो गई। पहले दिन की पहली पारी की परीक्षा सुबह 9 बजे से शुरू हुई। एंट्री के लिए 3 स्टेप में जांच हुई। पहले आईडी, फिर पहनावा और फिर स्टूडेंट की एडमिशन कार्ड से आधार कार्ड की जांच के बाद एंट्री हुई। महिलाओं के दुपट्टे, गहने उतरवा दिए गए। युवक के बेल्ट, घडी निकलवाए। दोपहर 3 बजे से दूसरी पारी की परीक्षा शुरू होगी। परीक्षा को लेकर डूंगरपुर जिले में 29 परीक्षा केंद्रों पर सुबह 6 बजे से ही स्टूडेंट्स का पहुंचना शुरू हो गया।

'स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराना सर्वोच्च प्राथमिकता'

डूंगरपुर, (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार सिंह ने मंगलवार को ईडीपी सभागार में चौरासी उपचुनाव के सफल आयोजन के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक ली। इस बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश चंद्र धाकड, उपचुनाव के तहत गठित 32 प्रकोष्ठों के प्रभारी, सह प्रभारी और पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में उपचुनाव के दौरान कानून और व्यवस्था बनाए रखने, मतदान केंद्रों की सुरक्षा, मतदाताओं की सुविधा, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए आवश्यक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी सिंह ने जिले में पूरी तरह से शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित प्रकोष्ठ प्रभारी अधिकारियों को अपनी सेल के कार्मिकों के साथ बैठक करने, सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने, स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा, भारत निर्वाचन आयोग की ओर से निर्धारित ईवीएम प्रोटोकॉल और अन्य गाइडलाइंस की पालना तथा मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सर्दी के मौसम को देखते हुए शाम के समय मतदान केंद्रों पर पर्याप्त रोशनी और मतदान के दिन निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति के निर्देश दिए। मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए जागरूकता अभियान चलाने और स्वीप गतिविधियों में आमजन की अधिक से अधिक भागीदारी पर जोर दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने एक-एक कर सभी प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारियों से अब तक किए गए कार्यों और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों का कडाई से पालन करते हुए निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करवाने को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि सभी अपने-अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें और चुनाव कार्य में किसी प्रकार की कोताही न बरतें। विधानसभा उपचुनाव के तहत होम वोटिंग का प्रथम चरण 4 से 8 नवम्बर तक चलेगा।

सार-समाचार

महिला के गले से तोड़ी चेन

डूंगरपुर, (निसं)। सदर थानान्तर्गत सुरपुर गांव में मुख्य सडक पर स्थित सिंलाई का कार्य करने वाली एक महिला के गले से मोटरसाइकिल पर सवार होकर आये तीन युवकों में से एक युवक ने गले में पहनी सोने की चैन को तोडकर ले भागने में सफल हुए। घटना की जानकारी सदर थाना पुलिस को देते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा महिला से घटनाक्रम की जानकारी ली। घटनाक्रम के अनुसार आदर्श नगर निवासी ममता पत्नी स्व.राजेन्द्र सुथार जो कि सुरपुर में जीवनलाल पटेल की दूकान में सिंलाई का कार्य करती है। मंगलवार को लगभग 3 बजे कार्य कर रही थी कि उसी समय तीन युवक जो कि मोटरसाइकिल पर सवार थे। उनमे से एक युवक मोटरसाइकिल से उतरा और ममता के गले में पडी एक तोला सोने की चैन को तोडा, जैसे ही घटनाक्रम हुआ ममता ने उक्त युवक के शर्ट का कॉलर पकड कर संघर्ष करती रही और लगभग 500 मीटर तक उक्त युवक का पीछा किया। लेकिन उसके दो अन्य साथी जो कि मोटरसाइकिल चालू रखकर उसका इंतजार कर रहे थे। स्पीड ब्रेकर के पास महिला का हाथ कॉलर से छूट गया और वे वहां से भाग छूटे। इस खिंचातानी में महिला के हाथ व पैरो पर भी काफी चोंटे आई।

अवैध पिस्टल बेचने वाला गिरफ्तार

उदयपुर,(कासं)।अम्बामाता थाना पुलिस ने अवैध पिस्टल खरीद फरोख्त मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीखक कैलाश बोरीवाल के सुपरविजन में अंबामाता थानाधिकारी डॉ. हनवंतसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में गठित दल ने 18 अक्टूबर को फरदीन खान उर्फ ओशी पुत्र फारूख खान निवासी सूरजपोल मठ हाल 80 फीट रोड़ अम्बामाता, मो. सुहान पुत्र शेर मो. डायर निवासी गरीब नवाज कॉलोनी मुसरी नोहरे के सामने मल्लातलाई को गिरफ्तार कर एक पिस्टलय बरामद की थी। जिनसे की गई पूछताछ के आधार पर पिस्टल बेचने वाले मो. आदिल उर्फ बकरी पुत्र मो. शबीर निवासी अमरपुरा चनावर गोदरा फला टीडी हाल 80 फीट रोड़ पकडा था उसने भी उक्त पिस्टल छह माह पर्वू हिस्ट्रीशीटर मो. इस्माईल उर्फ मन्नु उर्फ बडा मेवाती पुत्र मो. जमील निवासी धोली मगरी मल्लातलाई से लेना बताया। जिसने पूछताछ में 30 हजार रूपये में सिकन्दर उर्फ लॉटरी से 8 माह पूर्व खरीदना बताया।

ताला तोड़ जेवरात व नकदी ले गए चोर

उदयपुर, (कासं)। सवीना थाना क्षैत्र में स्थित सूने मकान का अज्ञात चोर ताला तोड़ कर जेवरात व नकदी चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सरदारपुरा भुपालपुरा निवासी गोतम पुत्र लछिराम सुखलेचा ने अज्ञात चोर के खिलाफ सविना पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 21 अक्टूबर को हिरणमगरी सेक्अर 11 निवासी मेरे छोटे भाई अशोक के सूने मकान का अज्ञात चोरताला तोड़ कर सोने की कान के एयरिंग जोड़ी, चार चूडिया, ब्रासलेट, अंगुठियां तथा 1 लाख 50 हजार रूपये नकदी चुरा ले गए। मेरा भाई बाहर गया है।

दुष्कर्म का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। शादी का झांसा देकर पीडिता के साथ दुष्कर्म करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता ने आरोपी दीपक कालरा निवासी सिल्वर रेजीडेंसी अपार्टमेंट राठोडों का गुडा के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडिता ने बताया कि कुछ समय पहले यूपी में रहते हुए आरोपी से संपर्क हुआ था। वहां से वह मुझे शादी करने का झांसा देकर उदयपुर लेकर आया। जहां उसने शादी करने का झांसा देकर मेरे साथ दुष्कर्म किया। गत दिनों आरोपी ने मुझसे दूरियां बना ली।

हादसे में व्यक्ति की मौत

उदयपुर, (कासं)। शहर के हिरणमगरी थाना क्षैत्र में कार की टक्कर से युवक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के हिरणगमरी सेक्टर 4 क्षैत्र रोड़ पर सडक पार करते समय कार ने राह चलते मांगीलाल नामक व्यक्ति को चपेट में ले लिया। हेडकांस्टेबल अरविन्द सिंह ने मौके पर पहुंच घायल को उपचार के लिए एमबी चिक्तिसालय पहुंचाया।

हादसे में एक की मौत, पति-पत्नी सहित 5 घायल

- बलवाडा रेलवे फाटक के पास कार, ऑटो व बाइक के बीच हुई टक्कर
- कार में सवार पति-पत्नी की हालत गंभीर होने पर उन्हें रेफर किया

डूंगरपुर, (निसं)। कोतवाली थाना क्षेत्र में बलवाडा रेलवे फाटक के पास एक कार, ऑटो और बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 5 लोग घायल हो गए। कार में सवार पति-पत्नी की हालत गंभीर होने पर उन्हें रेफर कर दिया गया।

कोतवाली थाना क्षेत्र में बलवाडा रेलवे फाटक के पास मंगलवार सुबह के समय सडक हादसा हो गया। बिलडी निवासी विजय कलाल अपनी पत्नी आंचल कलाल और 2 बच्चों के साथ कार से अहमदाबाद से डूंगरपुर अपने घर आ रहे थे।

वहीं, बलवाडा रेलवे फाटक के पास आते ही कार की सवारी लेकर जा रहा ऑटो और बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो चालक कावा कटारा निवासी काली घाटी करौली, रामा नाथू खराडी मीणा निवासी ओडा, कार सवार विजय कलाल, पत्नी आंचल, भगवान पटेल गंभीर रूप से घायल हो गए।

एम्बुलेंस से सभी घायलों को डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया।

सूचना पर कोतवाली थाने से एसआई अमृतलाल,अस्पताल चौकी से नारायणलाल मौके पर पहुंचे। यहां डॉक्टर ने जांच के बाद कावा कटारा को मृत घोषित कर दिया। जिस पर शव को अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया। वहीं, आंचल के सिर पर गंभीर चोटें आई। विजय के गर्दन, हाथ के शरीर पर कई जगह गंभीर चोंट लगने से दोनों को इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। अन्य घायलों को अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

स्वच्छता अभियान में एक लाख से अधिक व्यक्ति करेंगे श्रमदान

- कलक्टर ने देर शाम सभी एसडीओ, बीडीओ, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारियों की वीसी लेकर दिए निर्देश

राजसमंद, (निसं)। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने अपने विशेष सफाई अभियान को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध और गंभीर हैं। 25 अक्टूबर को सम्पूर्ण जिले में विशेष सफाई अभियान के दसवें और अंतिम दिन वृहद स्तर पर श्रमदान किया जाएगा। जिसमें हर नगर निकाय, ग्राम पंचायत की भागीदारी होगी, हर वर्ग का साथ लिया जाएगा।

जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा ने बताया कि अभियान के तहत 25 अक्टूबर को जिले भर में एक लाख व्यक्ति श्रमदान करेंगे। जिसके लिए प्रशासन द्वारा विस्तृत प्लान बनाया जाकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। जिला कलक्टर असावा ने मंगलवार देर शाम तक वीडियो कॉन्फ्रेंस लेकर अभियान की सफल क्रियान्विति के लिए सभी उपखंड अधिकारियों, तहसीलदार, विकास अधिकारी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी आदि से चर्चा करते हुए दिशा-निर्देश दिए। जिला कलेक्ट्रेट स्थित वीसी कक्ष में जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, नाथद्वारा एसडीएम रक्षा पारीक, एसीईओ सुमन अजमेरा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मुकुल शर्मा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक जय प्रकाश चारण आदि उपस्थित थे।

वीसी में कलक्टर असावा ने समाज के सभी वर्गों किसान, महिलाओं, व्यवसायी, स्टूडेंट, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि आदि को साथ लेकर यह अभियान सफल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र चिन्हित कर अलग-अलग समूहों को स्वच्छता के लिए अलग-अलग स्थान आवंटित करने और जन सहयोग से अभियान को सफल बनाने की बात कही। सभी पंचायत समितियों के विकास अधिकारियों को हर ग्राम पंचायत में अभियान की सफल क्रियान्विति के लिए प्रभावी प्लान बनाकर लागू करने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस अभियान के बाद जिले की तस्वीर बदलनी चाहिए और धरातल पर व्यापक असर दिखना चाहिए। यह अभियान महज औपचारिकता नहीं है।

इसे पूरी निष्ठा, कर्मठता और तन्मयता से सफल बनाना है। जिला परिषद एसीईओ डॉ सुमन अजमेरा ने बताया कि जिले में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा इसमें व्यापक तौर पर योगदान दिया जा रहा है। इसके लिए सभी उपखंड में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को अभियान में भाग लेने के निर्देश दिए गए हैं। इधर नगर परिषद कार्यवाहक आयुक्त तरुण बाहेती से चर्चा करते हुए उन्होंने संसाधनों की उपलब्धता, कार्मिकों की संख्या सहित अन्य विषयों पर चर्चा की। बाहेती ने बताया कि पहले से ही ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित करेंगे जहां वर्षों से कचरे के ढेर जमा है या जहां लंबे अरसे से ढंग से सफाई नहीं हुई। ऐसे स्थानों पर प्रभावी तौर पर सफाई अभियान चला कर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाएंगे। टीमें गठित कर उन्हें वार्ड वाइज तैनात करेंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 8 जेसीबी और 1० ट्रेक्टर उपलब्ध हैं। इस पर कलक्टर ने कहा कि वे अपने स्तर से अतिरिक्त संसाधनों की व्यवस्था कराएं, बस अभियान धीमा न पडे। जिला कलक्टर ने सभी अधिकारियों से कहा कि स्वच्छता ही असली सेवा है। जनहित के कार्य करने से आत्मिक शांति की अनुभूति होती है। सभी मन लगाकर इसमें काम करें। यह भी निर्देश दिए कि अधिकारी स्वयं भी इसमें जुटे, ऐसा न हो कि कनिष्ठ कार्मिक या अधिकारी सफाई करें और आप खडे होकर देखें। आप स्वयं भी फिल्ड में उतरें और स्वच्छता का संदेश दें।